<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 145 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

प्रति,

1. **संचालक,**
   **कृषि संचालनालय,**
   **अटल नगर, नवा रायपुर**

2. **पंजीयक,**
   सहकारी संस्थाऐं,
   अटल नगर, नवा रायपुर

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 833 तारांकित द्वारा श्रीमती संगीता सिन्हा, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 833 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **खरीफ फसल 2026 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **833** ) **श्रीमतीसंगीता सिन्हा**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) जिला बालोद में खरीफ, 2026 की फसल हेतु किसानों को शासकीय दर पर रासायनिक उर्वरक एवं बीज के वितरण हेतु क्या व्यवस्था की गयी है? बालोद जिले में वर्ष 2023 से 2026 तक खरीफ फसल हेतु विभिन्न रासायनिक उर्वरकों की आंकलित माँग कितनी-कितनी थी एवं कौन-कौन से उर्वरक कितनी-कितनी मात्रा में प्राप्त हुये? खरीफ फसल वर्ष 2026 हेतु आंकलित माँग के विरूद्ध दिनांक 20 जून, 2026 तक कितनी-कितनी मात्रा में किन-किन रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति जिले को प्राप्त हुई है एवं कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन से उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराये गये हैं? कितने किसानों को कितनी मात्रा में कौन-कौन से उर्वरक प्रदाय किया जाना शेष है? जानकारी देवें. (ख) बालोद जिले में सहकारी सोसायटियों एवं निजी दुकानों में विक्रय के लिए किन-किन उर्वरकों का कितना-कितना कोटा निर्धारित किया गया है? सहकारी सोसायटियों के माध्यम से इस वर्ष किसानों को प्रति एकड़ कितनी मात्रा में कौन-कौन से उर्वरक दिया जाना निर्धारित है तथा प्रति बोरी यूरिया, डी.ए.पी. एवं एन.पी. उर्वरक किसानों को किस दर पर दिया जा रहा है? सहकारी सोसायटियों के द्वारा किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी प्रति एकड़ कितनी मात्रा में किस दर पर दिया जा रहा है? जानकारी देवें.

**उत्तर :**

कृषि विभाग।
सहकारिता